Publication Name: Hindustan

Publication Date: 17/04/2026

Edition: Patna

Page No: 4

CCM: 33.08

Unique Account Number to Customers of Cooperative Bank

सहकारी बैंक के ग्राहकों को यूनिक खाता संख्या

पटना। बिहार राज्य सहकारी बैंक बैंकिंग सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहा है। बैंक ने अपने सभी ग्राहकों तथा जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के खातों को एकीकृत करते हुए प्रत्येक ग्राहक को यूनिक खाता संख्या प्रदान किया है। बैंक ने सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए फिनाकल 10.25 प्लेटफार्म का माइग्रेशन पूरा कर लिया है। यह बैंक की तकनीकी दक्षता और कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करेगा। इससे बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता, सटीकता एवं सुगमता सुनिश्चित होगी।